न्यूज डायरी

पौधे लगाकर जागरूकता का संदेश दिया

पौधारोपण करते सर्व समाज जागरूकता अभियान के सदस्य। स्रोत : संगठन

संभल। सर्व समाज जागरूकता अभियान (भारत) एवं महापुरुष स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण में हमारा योगदान विषय पर विनायक कॉलोनी में रविवार को गोष्ठी हुई। तदोपरांत पार्क में पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र रहे। विशिष्ट अतिथि आशा अग्रवाल, विनीत कुमार अग्रवाल, अनूप मंगलम, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वास अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल रहे। कृष्ण गोपाल मंगलम ने की। संचालन नीतू अग्रवाल ने किया। ब्यूरो

धरा को हरा भरा बनाए रखने का आह्वान

सिंहपुरसानी में जागरूकता अभियान चलाते रविराज चाहल। स्रोत : स्वयं

संभल। गांव सिंहपुरसानी में अधिवक्ता व समाजसेवी रविराज चाहल के द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण जागरूकता अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया गया। बाद में पौधे रोपित करके अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। जयवीर सिंह फौजी, गिरिराज सिंह, धीरज चौधरी ने भी विचार रखे। रविराज चाहल ने कहा कि हमारे जागरूकता अभियान का एकमात्र उद्देश्य है कि लोग पौधरोपण के लिए जागृत हों और अधिक से अधिक पौधे लगाएं। संवाद

युवाओं से उत्तम चरित्र अपनाने का आह्वान

धनारी में बस स्टैंड के पास सामूहिक यज्ञ करते लोग। स्रोत : आयोजक

धनारी। आर्य समाज के तत्वावधान में बस स्टैंड पर साप्ताहिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसका संचालन डॉ. वेद प्रकाश आर्य ने किया। मुख्य संयोजक बहादुर सिंह आर्य ने विशेष व्याख्यान में क्षेत्र के युवाओं को आदर्शवाद, नैतिकता और उत्तम चरित्र अपनाने की प्रेरणा दी। कहा कि युवा ही समाज का भविष्य हैं, इसलिए उनके व्यवहार एवं आचार में सुधार आवश्यक है। इस कार्यक्रम में निर्देशक कुमार आर्य, चिराग आर्य, पवन कुमार आर्य, मास्टर सत्यपाल सिंह आर्य, राम की माया, रमेश मुनि, रामवीर आर्य,ऋषिपाल आर्य, दुर्गेश आर्य, यदुवीर आर्य, अभिनव आर्य आदि शामिल रहे। संवाद

महामृत्युंजय मंदिर में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन

सुंदरकांड पाठ करते स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी। स्रोत : आयोजक

चंदौसी। स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट ने संयुक्त चिकित्सालय स्थित महामृत्युंजय मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। डॉ. योगेंद्र प्रसाद जोशी ने पूजन कराया। केजी शर्मा ने गणेश वंदना की। अजय सक्सेना व अर्नव शर्मा ने सुंदरकांड की चौपाइयों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। सुंदरकांड के पश्चात भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। राजेश शंखधार ने मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे, राम आएंगे सुनाया। आयोजन में जेएन मिश्रा, बाईके शर्मा, आलोक दुबे, राजीव शर्मा, रमेश सेवाल, पवन शंखधार, सुमित पाराशरी, मयंक, जयप्रकाश, धवन, अशोक पाठक आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

ई-रिक्शा से चौबीस कोसीय परिक्रमा कर पेट्रोल-डीजल बचाने का आह्वान

वंश गोपाल कल्किधाम बेनीपुर चक से शुरू हुई परिक्रमा, यहीं पर समापन, श्रद्धालुओं ने चंद्रेश्वर मंदिर में भगवान शिव का किया जलाभिषेक

संवाद न्यूज एजेंसी

संभल। चौबीस कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के तत्वावधान में आयोजित मासिक परिक्रमा इस बार आध्यात्मिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के संदेश के साथ संपन्न हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ ऊर्जा और हरित परिवहन के आह्वान को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं ने ई-रिक्शा व अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों तथा पैदल यात्रा कर परिक्रमा में भाग लिया। सभी श्रद्धालु प्रातः श्री वंशगोपाल तीर्थ, बेनीपुर पर एकत्र हुए और वहां से आस्था के साथ परिक्रमा शुरू की।

वंशगोपाल तीर्थ पर स्थित शिवलिंग का जलाभिषेक कर महंत भगवत प्रिय महाराज ने आरती कराई और श्रद्धालुओं को परिक्रमा के लिए रवाना किया। भुवनेश्वर तीर्थ पर पंडित मुकेश शर्मा ने रुद्राष्टकम का पाठ कराया और पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इसके बाद परिक्रमा फिरोजपुर स्थित चामुंडा मंदिर, क्षेमनाथ समाधि और नैमिषारण्य तीर्थ पहुंची, जहां बाल योगी दीनानाथ महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

भवानीपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से आयोजित यह परिक्रमा आध्यात्मिकता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। इससे जहां श्रद्धालु धार्मिक स्थलों से जुड़ रहे हैं, वहीं स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलने से पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिल रहा है।

चंद्रेश्वर मंदिर, चंदायन में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद परिक्रमा अपने समापन स्थल श्री वंशगोपाल तीर्थ पहुंची, जहां सामूहिक पूजा-अर्चना और आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस दौरान जसपाल सिंह, सरिता गुप्ता, सीमा आर्य, सौरभ गुप्ता, राम किशन ठकराल, अंकित अग्रवाल, राजेंद्र सिंह, राजू टेंट, नितिन गुप्ता, राकेश वार्ष्णेय, अर्जुन सिंह, रवि, हेमा गुप्ता और अंशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

संभल में ई-रिक्शा से 24 कोसीय परिक्रमा करते श्रद्धालु। संवाद

धार्मिक विरासत को संरक्षित करना समिति का उद्देश्य : राजकुमार शर्मा

संभल। चौबीस कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के अध्यक्ष राज कुमार शर्मा ने स्वयं ई-रिक्शा चलाकर परिक्रमा रथ का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि संभल की 68 पावन तीर्थों और 19 कूपों की धार्मिक विरासत को संरक्षित करना तथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना समिति का प्रमुख उद्देश्य है। इसी के साथ स्वच्छ और हरित परिवहन को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। मुकेश शर्मा ने बताया कि इस विशेष परिक्रमा का उद्देश्य लोगों में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पेट्रोल-डीजल आधारित वाहनों के उपयोग को कम करने का संदेश देना था। संवाद

कोटपूर्वी में समस्याएं अपार... कैसे पाएं पार

वार्ड संख्या-30 के कई मोहल्लों के हालात बदतर, गंदगी से बीमारियों की आशंका, जर्जर सड़कों से जूझ रहे लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

संभल। नगर पालिका के वार्ड संख्या-30 मोहल्ला देहली दरवाजा के अंतर्गत मोहल्लों में समस्याएं अपार हैं। कई स्थानों पर सड़कें उखड़ी हुई हैं और उन पर गंदगी फैल रही है। गर्मी में वाटर कूलर भी खराब हैं। इससे भीषण गर्मी में लोगों को शीतल जल भी नहीं मिल रहा है।

कोटपूर्वी मोहल्ले में पाइप लाइन तक नहीं है। इस कारण समस्या ज्यादा है। जलभराव, खराब सड़कें और गंदगी जैसी यह समस्याएं लोगों के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। इन बुनियादी सुविधाओं के अभाव और प्रशासन की अनदेखी के कारण यहां जनजीवन लगातार प्रभावित हो रहा है। लोगों ने बताया कि सड़कों और मुख्य द्वारों के आसपास अवैध कब्जों और अतिक्रमण के कारण आए दिन भारी जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे आवागमन मुश्किल हो जाता है।

बारिश के दिनों में जलभराव की गंभीर समस्या भी उत्पन्न होती है। सीवर लाइनों की उचित सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है। बताया कि मुख्य मार्गों और अंदरूनी गलियों में गड्ढे होने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। वहीं, नियमित साफ-सफाई न होने से कचरे के ढेर जमा हो जाते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

संभल के मोहल्ला कोट पूर्वी में टूटी सड़क। संवाद

संभल में मनोकामना मंदिर के पास सड़क पर फैली गंदगी। संवाद

डेढ़ दो माह से पानी की आपूर्ति नहीं मिल रही है। पहले जो पानी आता था, वह बाहर की टंकियों तक पहुंचता था, घर तब भी नहीं आता था। आपूर्ति न मिलने से इधर उधर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। **-मोहम्मद फईम**

नगर पालिका में तैनात सफाई कर्मी इधर-उधर का कूड़ा लाकर यहां सड़क पर डाल जाते हैं। यह कूड़ा नालों में गिरने के बाद अटक जाता है। इससे नाले बंद हो जाते हैं। बारिश में अधिक समस्या होती है। **-अयान**

मोहल्ले में वाटर कूलर लगा हुआ है लेकिन ठंडा पानी नहीं आ रहा है। गंदगी फैल रही है। इस कारण पानी पीने का भी मन नहीं करता। यदि ठंडा पानी मिले तो राहत मिलेगी। समस्या का जल्द समाधान कराया जाए। **- राशिद**

मोहल्ले की सड़क करीब ढाई साल से टूटी हुई है। गड्ढे बन गए हैं। जिससे ठोंकरें लगती हैं। हादसों का डर बना हुआ है। कई बाद जनप्रतिनिधियों से शिकायतें की गईं, लेकिन कोई सुनवाई के लिए तैयार नहीं है। **-राजेंद्र शर्मा**

रामलीला मैदान में लगा वाटर कूलर छह माह से खराब है। इस कारण लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। गर्मी में पानी की जरूरत सर्वाधिक रहती है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। **-संतोष कुमार**

योगेश्वर गोरक्षनाथ का महोत्सव धूमधाम से मनाने पर चर्चा

संभल। श्री कल्कि पधारो धरती पर शृंखला के तहत साप्ताहिक रविवारीय भगवान श्री गोरखनाथ यज्ञ के बाद बैठक हुई। इसमें 27 जुलाई से तीस जुलाई तक योगेश्वर गोरक्षनाथ के महोत्सव को धूमधाम से मनाने पर चर्चा हुई।

आध्यात्मिक गुरु पंडित राधेश्याम श्रीमाली ने कहा आज के परिदृश्य में अधिकांश साधक चाहे निष्काम कर्मयोगी हो, या सकाम कर्मयोगी हो, उनकी कामना शक्ति पाकर सफलता का अर्जन करना होता है। कहा कि जब जब भी शक्ति का प्रयोग सफलता पाने के लिए किया गया है, तब तब इच्छानुसार सफलता की प्राप्ति अहंकार की उत्पत्ति का रण बनी हैं और अहंकार विनाश का कारण सिद्ध हुआ है।

वहीं, जब जब भी शक्ति प्रयोग सार्थकता पाने के लिए किया गया, उसका परिणाम, विनम्रता के रूप में लौटकर आया है और विनम्रता कल्याणकारी सिद्ध हुई है। जिसके असंख्य उदाहरण हैं।

इस दौरान कृष्ण कुमार आर्य, योगी नागेंद्र मोहन श्रीमाली, नरेश सैनी, गोपेश गुप्ता, अनमोल सैनी, नितिन सैनी, अमित सैनी, कैलाश शर्मा, दिनेश शर्मा, किशन आर्य, सुभाष आर्य, अन्ना सैनी आदि रहे। संवाद

पुलिसकर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया

चंदौसी। उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में पुलिस लाइन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ऑर्थोपेडिक सर्जन, फिजीशियन, नेत्र सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, महिला चिकित्साधिकारी ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने लाभ लिया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत के साथ अधिकारीगण भी मौजूद रहे। ब्यूरो

लवित वार्ष्णेय हमारा समाज पार्टी के प्रदेश महामंत्री बने : चंदौसी। लवित कुमार वार्ष्णेय को अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी ने प्रदेश महामंत्री बनाया है। यह जानकारी विज्ञप्ति में दी गई। उन्हें संगठन के विस्तार की जिम्मेदारी दी गई है। ब्यूरो

जत्थे ने शबद कीर्तन से संगत को किया निहाल

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार साहिब में पंचम गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस मनाया

संवाद न्यूज एजेंसी

जुनावई। कस्बे में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार साहिब में पंचम गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस को लेकर पांच जून से श्री अखंड साहिब पाठ के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इसी क्रम में रविवार को कीर्तन दरबार सजाया गया।

इस मौके पर पंत के ज्ञानी व यूपी सिख मिशन के इंचार्ज बृजपाल सिंह गुरु एवं बाहर से आए रागी जत्थे के द्वारा सबद कीर्तन व कथा विचार किया गया। दीवान के बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। इसी के साथ गुरुद्वारे के सामने हाईवे पर राहगीरों के लिए शरबत का वितरण किया गया। इस विशेष समागम की शुरुआत बीते शुक्रवार पांच जून को श्री अखंड पाठ साहिब के साथ हुई थी।

रविवार सुबह श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए, जिसके बाद विशेष दीवान कीर्तन दरबार सजाया गया। इस मौके पर हापुड़ से आए परमिंदर, अमृतसर दरबार से आए इंद्रजीत सिंह रागी जत्थों ने अपनी मधुर वाणी से शबद-कीर्तन कर और गुरु इतिहास की कथा विचार सांझा कर संगत को निहाल किया।

इस मौके पर सरदार दिलीप सिंह, सरदार प्रताप सिंह, कैलाश कुमार, सरदार गुरमुख सिंह, तेजेंद्र सिंह, ज्ञानी हरेंद्र सिंह, तेग सिंह, होशियार सिंह, रणजीत सिंह सहित मौजूद रहे।

शबद कीर्तन करता अमृतसर का रागी जत्था। संवाद

पंचायत कर्मियों ने साइकिल रैली निकाल पॉलिथीन के प्रति किया जागररूक

संभल। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को संभल ब्लॉक के एडीओ पंचायत गुरुदयाल सिंह के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान कर्मियों ने लोगों को गांवों को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया। एडीओ पंचायत के साथ सफाई कर्मचारी, खंड प्रेरक भी थे। ब्लॉक परिसर से रैली शुरू हुई, जो ग्राम पंचायत शहजादी सराय होते हुए अनेक ग्राम पंचायतों से होकर गुजरी। इस दौरान विजयपाल सिंह, नंदकिशोर, विनोद कुमार, आदेश कुमार, शमशाद आदि रहे। संवाद

श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई

चंदौसी। श्री गीता सत्संग भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अष्टम दिवस पर जगद्गुरु स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के विवाह के उपरांत रुक्मिणी के पुत्र का प्राकट्य हुआ जो प्रद्युम्न नाम से विख्यात हुआ। जन्म के छठे दिन ही शंबरासुर ने बालक का अपहरण कर लिया और उसे समुद्र में फेंक दिया।

बालक को मछली ने निगल लिया। मछली मछुआरे ने पकड़ी, जिसे वह शंबरासुर के पास ही ले गया। राजा ने रसोईघर में भिजवा दिया। रसोइया ने जब मछली को चीरा तो वह पुत्र प्राप्त हुआ। उसने पालन-पोषण किया और दीक्षा दी। बाद में नारद जी के कहने पर प्रद्युम्न ने शंबरासुर का वध किया। इसके साथ ही भगवान की जय-जयकार हो गई। यजमान अनिल कुमार सुपर ने अपनी पत्नी अलका अग्रवाल के साथ पूजन किया। धीरेंद्र कुमार अग्रवाल, पराग बंसल, अमित आयरन, हिमांशु अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार सराफ, अरविंद कुमार सराफ, सौरभ सराफ, विनय मोनू अग्रवाल आदि भक्तों ने स्वामी जी का पूजन एवं सम्मान किया। जिवेंद्र कुमार अग्रवाल ने महाराज श्री को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। ब्यूरो

स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य जी महाराज। स्रोत : आयोजक

डॉ. हिमांशु और डॉ. सोनिया ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जर्मनी में किया शोध

चंदौसी। नगर निवासी डॉ. हिमांशु गुप्ता और डॉ. सोनिया धीमान के पर्यावरण संरक्षण को लेकर जर्मनी में किए गए अपने शोध पर आधारित पुस्तक 'यूबिक्विटस पॉली साइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन कंटैमिनेशन' का विमोचन किया गया।

रविवार को श्री वार्ष्णेय समाज सेवा समिति की ओर से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. टीएस पाल, शिक्षाविद राम किशोर वार्ष्णेय तथा अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा के संयुक्त महामंत्री सुभाष चंद्र भोलेनाथ ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में कोयला, पेट्रोलियम, डीजल, लकड़ी, कचरा तथा अन्य जैविक पदार्थों के अपूर्ण दहन से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण की पहचान और उसके प्रभावों का उल्लेख किया गया है। डॉ. हिमांशु और डॉ. सोनिया वर्तमान में जर्मनी में शोध कार्य कर रहे हैं। डॉ. सोनिया विश्व प्रसिद्ध मैरी-क्यूरी फंडेड प्रोजेक्ट में रिसर्च कर रही हैं। डॉ. हिमांशु व डॉ. सोनिया ने बताया कि यह पुस्तक प्रदूषण के खिलाफ एक वैज्ञानिक हथियार के रूप में कार्य करेगी। संवाद

कार्यक्रम में शोध पुस्तक का विमोचन करते पदाधिकारी। स्रोत : संगठन

अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

गैस, बदहज्मी, कब्ज, पेट फूलने में दें तुरन्त राहत...
देवनोफार्म का आयुर्वेदिक
लाभदायक
गैस्टेक®
सीरप • टेबलेट
खट्टी डकार में लाभदायक
8601 841 515
Available at TATA 1mg amazon
MRP. - 200ML - 128/-
MRP. - 450ML - 190/-
सेवन पर देवनोफार्म देखकर ही लें।

उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग

विज्ञप्ति

सहायक आचार्य, राजकीय महाविद्यालय (प्रा0) परीक्षा–2025 जो दिनांक 31 मई 2026 को आयोजित की गयी थी, से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकारक विषय संगीत गायन(वोकल) (प्र0 सं0 31 से 120 तक), इतिहास (प्र0 सं0 31 से 120 तक), राजनीति विज्ञान (प्र0 सं0 31 से 120 तक) तथा रसायन विज्ञान (प्र0 सं0 31 से 120 तक) से **संबंधित प्रश्न एवं उसके उत्तर** आयोग की वेबसाइट– **https://uppsc.up.nic.in** पर दिनांक 12 जून 2026 तक उपलब्ध हैं। **अभ्यर्थीगण से** प्रश्न पुस्तिका बारकोड क्रम संख्या– **1210721 (संगीत गायन(वोकल))**, प्रश्न पुस्तिका बारकोड क्रम संख्या– **1111665 (इतिहास)**, प्रश्न पुस्तिका बारकोड क्रम संख्या–**1190553 (राजनीति विज्ञान)** तथा प्रश्न पुस्तिका बारकोड क्रम संख्या– **1015681 (रसायन विज्ञान) के अनुसार प्रश्न एवं उत्तर का अंकन करते हुए आपत्तियां अपेक्षित हैं** (प्र0 सं0 31 से 120 तक)। **विसंगति/आपत्ति के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि** 12 जून 2026, **सायं 05.00 बजे तक है।** उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त प्रत्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। आपत्ति प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में विस्तृत विज्ञप्ति आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

संख्या : 08/36/अति–5/2025-2026
दिनांक : प्रयागराज, 06 जून, 2026

(प्रेम प्रकाश राय)
अनुसचिव

पंजाब नैशनल बैंक pnb punjab national bank
.....भरोसे का प्रतीक ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

परिसंपत्ति वसूली प्रबंधन शाखा (एआरएमबी)
बुलंदशहर (डी. नं. 821200) पीएनबी हाऊस, यमुनापुरम, बुलंदशहर -203001 | Email: CS8212@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना
प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जन साधारण एवं विशेषतः ऋणकर्ता(ओं) व गारंटरों(ओं) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी गई/प्रभारित निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति, जिसका निर्माणात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक कब्जा इस बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, इसे संबंधित ऋणकर्ताओं व गारंटरों से बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता की बकाया देय राशि की वसूली के लिए यहां निम्न उल्लेखित तालिका में उल्लेखितानुसार तारीख को **"जैसे हैं जहां हैं आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर"** बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि जमा संबंधित संपत्तियों के प्रति निम्न तालिका में उल्लेखितानुसार है।

प्रत्याभूतित परिसंपत्तियों की अनुसूची

क्रमांक	शाखा का नाम / एकाउंट का नाम / ऋणकर्ता/रिहनकर्ता/गारंटरों खाता का नाम एवं पता	अचल संपत्तियों का ब्यौरा	ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि / बी)मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि / सी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि / डी) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/ निर्माणात्मक	ए)आरक्षित मूल्य राशि रू. में / बी) ईएमडी(अंतिम तिथि व समय) / सी)बोली वृद्धि राशि / डी) बैंकनेट संपत्ति आईडी	ई-नीलामी की तिथि/समय	प्रत्याभूतित ऋणदाताओं को ज्ञात ऋणभार की जानकारी
1.	एआरएमबी, बुलन्दशहर (डी. नं. 821200)/पूर्व शाखा: संभल मो. कोटपूर्वी (एसओएल 183100) मेसर्स व वाइट फ्यूज़न एंड स्पाइसेस प्रोडक्ट्स (प्रोप्राइटरशिप कन्सर्न) पता: ग्राम फारूखपुर, पुल फिरोजपुर के पास, संभल, उ.प्र. – 244302, 2. श्रीमती क्रेसर जहाँ पत्नी शहाबुद्दीन मालिक/ऋणकर्ता/रिहनकर्ता, पता: 363, पथम सराय, संभल, उ.प्र. - 244302, 3. श्री शहाबुद्दीन पुत्र हनीफ उद्दीन - गारंटर, पता: 363, पथम सराय, संभल, चूपी - 244302, 4. श्रीमती शबाना पत्नी ताज उद्दीन – गारंटर, पता: 363, पथम सराय, संभल, उ.प्र. - 244302 5. श्रीमती जरीन पत्नी अशरफ आलम – गारंटर, पता: 363, पथम सराय, संभल, उ.प्र. - 244302	श्रीमती क्रेसर जहाँ पत्नी शहाबुद्दीन के नाम पर बुक संख्या 01, जिल्द संख्या 6057, पृष्ठ 189 से 204, क्रमांक 13111, दिनांक 30.12.2011, एसआरओ संभल में पंजीकृत ग्राम फारूखपुर, संभल, जिला संभल में स्थित मुख्य संरचना सहित संपत्ति का वह भाग। कुल क्षेत्रफल 860.00 वर्ग मीटर। टाइटल डीड के अनुसार सीमाएँ: पूर्व – मुरादाबाद रोड, पश्चिम - रोड, उत्तर - उत्तर प्रदेश रोडवेज वर्कशॉप की संपत्ति, दक्षिण - श्री विशाल गुप्ता का भूखंड	A) 19.08.2023 B) Rs. 26,52,065.52 (छब्बीस लाख बावन हजार पैंसठ रुपये और बावन पैसे मात्र) + 17.08.2023 से ब्याज + अन्य लागतें और खर्च C) 18.12.2023 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 143.00 Lakh B) Rs. 14.30 Lakh (23/06/2026 / upto 10.00 A.M.) C) Rs. 0.50 Lakh D) बैंकनेट संपत्ति आईडी : PUNB0872646	23/06/2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे	प्रत्याभूतित ऋणदाता को ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें :- 1. सम्पत्तियों की बिक्री **"जैसे है जहाँ है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर"** पर की जाएगी। 2. उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार वर्णित किया गया है, परन्तु प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या विलोपन हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। 3. यह बिक्री प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्न अतिरिक्त शर्तों के तहत होगी। यह नीलामी बिक्री पोर्टल **https://Baanknet.com** पर **"ई-नीलामी के द्वारा ऑनलाइन"** की जाएगी। 4. इच्छुक बोलीदाताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे ई-नीलामी वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करा लें और सेवा प्रदाता द्वारा बनाए गए वर्चुअल वॉलेट में https://baanknet.com पर दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार धरोहर राशि जमा कर दें। 5. इच्छुक बोलीदाता जिन्हें लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली दस्तावेज जमा करने, प्रशिक्षण/प्रदर्शन, ऑनलाइन परस्पराँक बोली लगाने के नियम और शर्तों आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे वेबसाइट https://baanknet.com पर जा सकते हैं। 6. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया पंजाब नेशनल बैंक, प्रत्याभूतित ऋणदाता की वेबसाइट **https://www.pnb.co.in/ and website https://baanknet.com** पर दिए गए लिंक देखें। 7. सरफेसी अधिनियम के नियम 8(6) व 9(1) के तहत वैधानिक सूचना: यह सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) व 9(1) के तहत उपरोक्त ऋण के ऋणकर्ता/गारंटर को उपरोक्त तिथि पर प्रत्याभूतित परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी आयोजित करने के संबंध में भी एक सूचना है।

दिनांक : 06.06.2026, स्थान : बुलंदशहर | सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 8(6) के तहत संवैधानिक बिक्री सूचना | हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक